Title: Regarding need to involve Members of Parliament in the implementation of Centrally sponsored projects in their constituencies − Laid.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): केन्द्र स्तर की कई योजनायें विभिन्न राज्यों के विभिन्न हिस्सों में चल रही हैं और केन्द्र सरकार उस पर केन्द्र स्तर पर धनराशि देती है। इन योजनाओं को कई कारणों से जरूरतमंद जनता तक नहीं पहुंचाया जा सका है और न ही जनता को इससे कोई विशो फायदा मिला है और आबंटित राशि को ऐसी जगहों पर खर्च करते हैं जहां पर उनकी जरूरत कम होती है या नहीं होती है। कई राज्यों में विधायकों की राय से काम किया जाता है और उनको अपने क्षेत्र में विकास कार्य के लिए राज्यों से धन भी मिलता है और उनके सुझाव के आधार पर कार्य किया जाता है जैसे किस गांव में विद्युतिकरण करना है और किन गांव में हैंडपम्प लगाने हैं और राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं में उनकी राय ली जाती है, लेकिन केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सांसदों के संसदीय क्षेत्रों में संबंधित सांसदों से राय नहीं ली जाती है।

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करती हूं कि केन्द्र की योजनाओं में सांसदों की राय उनके संबंधित क्षेत्र के बारे में अवश्य ली जाये जिससे योजनायें जनता तक पहुंचाई जा सकें।

(इति)